RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार, 06 जनवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 225 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## भाजपा नेता को मिली फोन पर जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी...




**मुंबई :** मुंबई भारतीय जनता पार्टी के एक पदाधिकारी को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बांगुर नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई भाजपा युवा शाखा के प्रमुख तेजिंदर सिंह तिवाना को धमकी मिली। धमकी देने वाले ने खुद को 'लश्कर-ए-खालसा' का संदीप सिंह बताया। उसने पार्टी नहीं छोड़ने पर भाजपा नेता और उनके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 506 बी (आपराधिक धमकी) और अन्य अपराधों के तहत मामला दर्ज किया गया है और फोन करने वाले को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जल संरक्षण के प्रयासों में जनता को जोड़ना होगा अहम : प्रधानमंत्री मोदी



**भोपाल :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में जनता और सामाजिक संगठनों को साथ लाने की जरुरत पर बल देते हुए कहा कि किसी भी अभियान में जनता के जुड़ने से उसमें अभियान के प्रति 'सेंस ऑफ ओनरशिप' आती है और ये सफलता की पहली कुंजी है। मोदी ने अपनी इस बात के समर्थन में 'स्वच्छता अभियान' का उदाहरण भी दिया। वे यहां आयोजित प्रथम अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों के सम्मेलन 'वाटर विजन @ 2047' को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और प्रहलाद पटेल भी उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि जल मंत्रियों का सम्मेलन अहम है। संवैधानिक व्यवस्था में पानी का विषय राज्यों के नियंत्रण में हैं। राज्यों के प्रयास सामूहिक लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक साबित होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य में सरकार के अकेले प्रयास से सफलता नहीं आती। जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में भी जनता, सामाजिक संगठन और सिविल सोसाइटी को जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी का एक और पक्ष भी है। कुछ लोग सोचते हैं कि जनभागीदारी से सरकार की जिम्मेदारी कम हो जाती है। पर ऐसा नहीं है। जनभागीदारी का बड़ा लाभ ये है कि जनता को भी पूरी प्रक्रिया में लगी मेहनत पता चलती है। अभियान में जनता जुड़ती है तो नागरिकों में 'सेंस ऑफ ओनरशिप' भी आती है, जो सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत अभियान' इसका बड़ा उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी अभियान की तरह अब जल संरक्षण के प्रति भी जनभागीदारी की सोच जनता में जगानी है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जलजागरुकता महोत्सव आयोजित किए जा सकते हैं। साथ ही स्थानीय मेलों में पानी की जागरुकता के लिए कई प्रयास किए जा सकते हैं। उन्होंने इस कार्य से नई पीढ़ी को जोड़ने का भी आग्रह किया।

## फडनवीस ने कहा- एटीपी टूनार्मेंट को कहीं नहीं जाने देगा महाराष्ट्र...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार ने भारत के इकलौते एटीपी 250 टूनार्मेंट को गुरुवार को और पांच साल तक समर्थन देने का वादा किया जिससे इस प्रमुख टेनिस टूनार्मेंट के जारी रखने की संभावना बढ़ गई । आईएमजी के स्वामित्व वाला दक्षिण एशिया का एकमात्र एटीपी 250 टूनार्मेंट 2018 में पुणे में शुरू हुआ और यह चेन्नई ओपन से टाटा ओपन महाराष्ट्र बन गया।

राज्य सरकार ने उस समय पांच साल तक इसे सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता जतायी थी। गुरुवार को उसने पांच साल की अवधि के लिए अपने समर्थन को आगे बढ़ा दिया।

प्रतियोगिता के चौथे दिन बालेवाड़ी स्टेडियम में राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ''महाराष्ट्र कभी भी इस एटीपी 250 को राज्य से बाहर नहीं जाने देगा।''

## स्कूल के वॉशरूम से बरामद हुआ 18 वर्षीय छात्र का शव, पहचान करने में जुटी पुलिस...



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के एक स्कूल में 18 वर्षीय छात्र का शव बरामद हुआ है। मामला मुंबई के मानखुर्द इलाके का है, जहां की एक स्कूल के वॉशरूम से 18 वर्षीय छात्र का शव बरामद हुआ। जिसके बाद मृतक छात्र की पहचान की जा रही है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, मृतक छात्र की पहचानाने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल केस दर्ज कर लिया गया है।


# चलती ट्रेन में महिला से छेड़छाड़

## शोर मचाने पर लोगों ने आरोपी को पकड़ पुलिस को सौंपा

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर में एक लोकल ट्रेन में एक 27 वर्षीय व्यक्ति द्वारा एक महिला यात्री से कथित तौर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. बृहस्पतिवार को रेलवे पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात को हुई जब महिला लोकल ट्रेन से दादर से पालघर के विरार जा रही थी. यात्रा के दौरान महिला ट्रेन के द्वितीय श्रेणी के डिब्बे में बैठी हुई थी. आरोपी रफीक मोहम्मद इसाक शेख भी उसी कोच में था.

**आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज**

पुलिस की विज्ञप्ति के अनुसार जब ट्रेन नालासोपारा स्टेशन पर पहुंची तो आरोपी रफीक कथित तौर पर महिला पर भड़क गया और उसने गलत तरीके से उसे छुआ. महिला के शोर मचाने पर साथी यात्रियों ने उसे पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया. आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (एक महिला की मर्यादा को भंग करना) और 354अ (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है.



**मुंबई में हाल फिलहाल में सामने आए छेड़छाड़ के कई मामले**

बता दें कि महाराष्ट्र मे हाल फिलहाल में महिलाओं से छेड़छाड़ के कई मामले सामने आए हैं. इससे पहले नई साल की पूर्व संध्या पर मुंबई के एक फाइव स्टार होटल में एक 29 वर्षीय डांसर द्वारा एक 12 वर्षीय लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था. लड़की की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था. पुलिस ने बताया कि लड़की से छेड़छाड़ के दौरान आरोपी नशे में था.

**एक महीने पहले दक्षिण कोरियाई यू-ट्यूबर से हुई थी छेड़छाड़**

एक महीने पहले मुंबई में एक दक्षिण कोरियाई व्लॉगर और यू-ट्यूबर से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था. इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें बाद में मुंबई की एक कोर्ट ने जमानत दे दी थी. जिस समय महिला के साथ छेड़छाड़ हुई उस दौरान वह खार में एक सड़क पर लाइव स्ट्रीमिंग कर रही थी. बांद्रा की एक कोर्ट ने दोनों को 15000 रुपए के नकद मुचलके पर जमानत दी थी और जांच में पुलिस का सहयोग करने के निर्देश दिये थे.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### राजौरी का सबक

जम्मू संभाग के राजौरी जिले के ढांगरी गांव में आतंकियों के हाथों छह लोगों की हत्या के बाद केंद्र सरकार ने इस जिले में अर्द्ध सैनिक बलों के और जवान तैनात करने के जो आदेश दिए, वे समय की मांग थी। दहशत पैदा करने वाली इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि आतंकियों ने जम्मू संभाग को भी उसी तरह निशाना बनाना शुरू कर दिया है, जिस तरह वे कश्मीर को निशाना बनाए हुए हैं। राजौरी की घटना इसलिए विचलित करने के साथ गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि आतंकियों ने पहचान सुनिश्चित कर हिंदुओं को खास तौर पर निशाना बनाया और चार लोगों को मौत की नींद सुलाने के बाद जाते-जाते उनके एक घर में आईईडी फिट कर गए।

यदि सुरक्षा बलों ने अपना काम सही तरह किया होता तो अगले दिन इस आईईडी में धमाका होने से रोका जा सकता था। स्पष्ट है कि इस धमाके में जिन दो बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, उन्हें बचाया जा सकता था। यह समझना कठिन है कि सुरक्षा बलों ने आतंकियों की तलाश करने के साथ ही यह क्यों नहीं देखा कि आतंकी अपने पीछे क्या कुछ छोड़ गए हैं? राजौरी की घटना टारगेट किलिंग का वैसा ही खौफनाक उदाहरण है, जैसा कश्मीर में रह-रहकर देखने को मिलता रहता है। चिंताजनक केवल यह नहीं है कि राजौरी की घटना ने राष्ट्र का वैसा ध्यान नहीं खींचा, जैसा आवश्यक था, बल्कि यह भी है कि इसकी अनदेखी होती दिख रही है कि इस आतंकी वारदात का उद्देश्य हिंदुओं के मन में वैसा ही भय पैदा करना था, जैसा कश्मीर में पैदा किया गया और जिसके नतीजे में लाखों कश्मीरी हिंदू घाटी से पलायन करने को मजबूर हुए। इससे भी शर्मनाक यह है कि कश्मीर के प्रमुख नेता और विशेष रूप से महबूबा मुफ्ती एवं फारूक अब्दुल्ला राजौरी की घटना की बिना किसी किंतु-परंतु निंदा करने के लिए भी तैयार नहीं। इन दोनों नेताओं के विभाजनकारी बयानों की केवल निंदा ही की जा सकती है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन के साथ केंद्र सरकार को ऐसे नेताओं के साथ आतंकियों के दबे-छिपे समर्थकों से भी सावधान रहना होगा और पाकिस्तान पर फिर से अपनी निगाह भी टेढ़ी करनी होगी। आश्चर्य नहीं कि राजौरी का आतंकी हमला पूरी तरह पाकिस्तान प्रायोजित हो। केवल इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि राजौरी और अन्य पड़ोसी जिलों की सुरक्षा व्यवस्था की नए सिरे से समीक्षा की जा रही है और इसके तहत ग्राम सुरक्षा समितियों का नए सिरे से गठन भी किया जा रहा है, क्योंकि यह प्रश्न अनुत्तरित है कि आखिर पाकिस्तान अपने किए हुए की कीमत कब चुकाएगा? राजौरी का एक सबक यह भी है कि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का निर्ममता के साथ दमन करने की कोई नई रणनीति बनाई जाए। आतंकियों के साथ उसके भी दुस्साहस का दमन आवश्यक है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ठाणे में बड़ा हादसा...!

# मुंबई मेट्रो के खंभे पर लगी मेटल प्लेट गिरने से महिला की मौत

**मुंबई :** मुंबई के ठाणे में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई है. वह कूड़ा बीनने का काम करती थी. मुंबई मेट्रो के खंभे पर लगी लोहे की एक बड़ी प्लेट के गिरने से 37 वर्षीय महिला की कुचलकर मौत हो गई. इसकी सूचना ठाणे के अधिकारियों ने गुरुवार को दी. उन्होंने बताया कि महिला कूड़ा बीनने का काम करती थी. यह हादसा आज सुबह हुआ है.

**लोहे की बड़ी प्लेट सीधे महिला पर गिर गई**



ठाणे फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने कहा कि यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई. जब महिला एक खंभे के पास कूड़ा बीनने गई. इस दौरान मेट्रो के खंभे पर लगी लोहे की एक बड़ी प्लेट सीधे उसके ऊपर गिर गई. जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक मृतका की पहचान लोकमान्य नगरपाड़ा की रहने वाली सुनीता बाबासाहेब कांबले के रूप में हुई है. वह कूड़ा बीनने का काम करती थी. घटना की जानकारी मिलते ही ठाणे पुलिस, नागरिक और आपदा बचाव दल मौके पर पहुंचे. किसी तरह भारी लोहे की प्लेट को हटाया गया और महिला के शरीर को बाहर निकाला गया तब तक महिला की मौत हो चुकी थी. महिली को वहां से बाहर निकालने के बाद राबोदी पुलिस द्वारा सुनीता को ठाणे सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया. एक अधिकारी ने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि मेट्रो के खंभे से लोहे की प्लेट कैसे टूट गई. बहरहाल मामले की जांच की जा रही है.

# मनपा के विपक्षी नेताओं ने लगाई मनपा आयुक्त से कार्यालय खोलने की गुहार...



**मुंबई। पिछले बुधवार को मनपा मुख्यालय में एकनाथ शिंदे गुट और उद्धव गुट के नेताओ में पार्टी कार्यालय को लेकर हुई झड़प के बाद मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने मनपा के सभी पार्टी कार्यालय को सील कर दिया। मनपा के निर्णय से पूर्व नगरसेवको का बुरा हल हो रहा है पार्टी के नेताओं को मनपा मुख्यालय में बैठने की जगह तक नहीं रह गई है। कार्यालय सील होने के बाद भाजपा नेताओं ने मनपा आयुक्त से कार्यालय खोले जाने की गुहार लगाई थी।**

अब मनपा की विपक्षी पार्टी के नेता भी मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल को पत्र लिखकर पार्टी कार्यालय खोलने की गुहार लगाई है। मनपा विरोधी पक्ष नेता रहे रविराजा पूर्व सपा नेता एंव विधायक रईश शेख और रांकपा की नेता राखी जाधव ने मनपा आयुक्त को पत्र लिखकर पार्टी कार्यालय खोलने की गुहार लगाई है। नेताओ का कहना है कि किसी अन्य पार्टी एक झगड़े से सभी का कार्यालय सील करना ठीक नहीं। पार्टी कार्यालय सील होने से आम नागरिको की ससम्याओ का निपटान करना मुश्किल हो गया है. नगरसेवक पद नहीं होने से पहले ही वार्ड स्तर पर लोगो की समस्याओं का निपटारा करना मुश्किल हो गया है अब मुख्यालय का पार्टी कार्यालय सील करने से और परेशानी खड़ी हो गई है। पार्टी नेताओ को पार्टी कार्यालय के बाहर बैठ कर आम नागरिको की समस्याओं का निपटारा करना पड़ रहा है। ऑफिस सील होने के बाद भी कर्मचारी रोज आकर बाहर बैठ कर जा रहे हैं। भाजपा के पूर्व गुट नेता प्रभाकर शिंदे, विनोद मिश्रा, भालचंद्र शिरसाट कार्यालय के बाहर घंटों बैठे रहे और जरूरी काम निपटा रहे है ।मनपा के पूर्व नेता विपक्ष रवि राजा और एनसीपी की पूर्व नेता राखी जाधव ने भी मजबूरी में पार्टी कार्यालय के बाहर बैठ कर काम किया। इससे पहले उद्धव ठाकरे गुट और भाजपा गुट के नेताओं के निवेदन के बाद भी मनपा आयुक्त ने ऑफिस खोलने से इंकार कर दिया था । रवि राजा ने आरोप लगाया कि मनपा में पांचों पार्टी के कार्यालय सरकार के इशारे पर सील किए गए हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान शिंदे सरकार में शामिल भाजपा का हो रहा है ।मनपा आयुक्त चहल पहले आदित्य ठाकरे के इशारे पर काम करते थे अब शिंदे सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं। जिसका सबसे ज्यादा नुकसान जनता का हो रहा है।

## महिला सहकर्मी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में डॉक्टर गिरफ्तार, बदनाम करने की दी थी धमकी



**मुंबई :** मुंबई के एक निकाय अस्पताल के 27 वर्षीय डॉक्टर को पूर्व महिला सहकर्मी से साथ छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आगे जानकारी दी कि छेड़छाड़ और अन्य संबंधित अपराधों की प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी को मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। डिंडोशी पुलिस के अनुसार, 30 वर्षीय महिला डॉक्टर पहले आरोपी के साथ निगम द्वारा संचालित एक अस्पताल में काम करती थी।

**डॉक्टर ने छेड़छाड़ करने वाली तस्वीरों को वायरल करने की दी थी धमकी**

महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि इस सप्ताह की शुरूआत में डॉक्टर, सहकर्मी की डिस्पेंसरी में आकर किसी पुरानी बात को लेकर झगड़ने लगा। इसके अलावा उसने दुर्व्यवहार भी किया। महिला ने आगे कहा कि डॉक्टर ने उसके साथ छेड़छाड़ की गई तस्वीरों को सोशल मीडिया पर अपलोड करने और उसे बदनाम करने की धमकी भी दी।

# मुंबई में मुख्यमंत्री योगी ने दिया भारतीय उद्योग जगत को UP में निवेश का आमंत्रण...

## कहा-उत्तर प्रदेश से होकर गुजरती है $5 ट्रिलियन के सपनों की राह

**मुंबई :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के उद्योग जगत को प्रधानमंत्री के 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के संकल्प को पूरा करने में योगदान का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि देश में सबसे बड़ी आबादी का राज्य उत्तर प्रदेश इस संकल्प को पूरा करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस समृद्ध आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है उसकी राह उत्तर प्रदेश से होकर जाती है। यूपी में पोटेंशियल है, विजन है और अपार संभावनाएं हैं। हम अपने प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इन संभावनाओं का लाभ लेने को उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का स्वागत है।

देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुम्बई में देश के दिग्गज उद्योगपतियों, वित्तीय, बैंकिंग व औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कारोबारियों, निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को 10-12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदारी का निमंत्रण दिया।

**निवेशकों को आमंत्रण देने टीम यूपी 16 देशों के 21 शहरों में गई**

जीआईएस 23 के संबंध में विदेशों में हुए यूपी रोड शो की सफलता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला मौका था जब निवेशकों को आमन्त्रण देने टीम यूपी 16 देशों के 21 शहरों में गई। हमें वहां शानदार रिस्पांस मिला। इस दौरान सात लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव हमें मिले हैं। वहीं घरेलू निवेशकों से संवाद के लिए जारी रोड शो के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, इसलिए



यहां अपनों को आमन्त्रण देने मैं स्वयं आया हूं। बड़ी संख्या में निवेशकों की मौजूदगी देख मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी उपस्थिति टीम यूपी के लिए उत्साहवर्धक है।

**उत्तर प्रदेश में पूरा परिदृश्य बदल चुका**

डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाणिज्यिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों, परंपराओं, विविधताओं से उद्योग जगत को अवगत कराते हुए निवेश के दृष्टिगत इनमें निहित संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक यूपी की हालत जैसी थी, उससे सभी परिचित हैं। न वहां बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी और निवेशक, लेकिन आज पूरा परिदृश्य बदल चुका है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण का संदर्भ लेते हुए मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से इन प्रणों को पूरा करने के लिए आगे बढ़कर योगदान करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, ऐसे मौके पर भारत, ब्रिटेन को पीछे कर दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत दुनिया के 20 ताकतवर देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है।

**भट्टा-परसौल में कभी गोली कांड हुआ था, आज किसान खुशी से दे रहे जमीन**

उत्तर प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल के सृजन और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में हर दिन दंगा होता था, आज छह वर्ष होने को हैं केकिन कहीं एक भी दंगा नहीं हुआ। जमीन अधिग्रहण के लिए भट्टा-परसौल में गोली कांड से सभी परिचित होंगे, लेकिन आज जबकि हम उसी भूमि पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रहे हैं तो इस परियोजना के चौथे फेज के लिए जमीन अधिग्रहीत हो चुकी है। किसान खुद अपनी जमीन के रजिस्ट्री कागज मुख्यमंत्री आवास पर सौंप रहे हैं। निवेशकों को यूपी आने का आमंत्रण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां उद्योगों के लिए पहली जरूरत ‘जमीन’ की कोई कमी नहीं है। हमने तो एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया है और आज हमारे पास बड़ा लैंडबैंक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय पूरी दुनिया पस्त थी, लेकिन यूपी में उद्योग चलते रहे।

# 100 तोला सोना चुराकर महाराष्ट्र भाग गए थे बदमाश,

## पुलिस ने पीछा कर छह आरोपियों को मुंबई से किया गिरफ्तार



**जालोर :** प्रदेश में चोरी की घटनाओं में अब लगातार इजाफा होने लगा है। वहीं पुलिस भी लगातार ऐसे गिरोह का पदार्फाश कर रही है, जो ऐसे अपराधों में लिप्त है। जालोर में रानीवाड़ा थाना क्षेत्र जेतपुरा में व्यवसायी के घर में ताले तोड़कर चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का पदार्फाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि 19 दिसम्बर को जैतपुरा के मकान में रात्रि में अज्ञात चोरों की ओर से ताले तोड़कर सोने चांदी के गहने चुराकर ले गये है। इस पर पुलिस ने अपनी टीम बनाई और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक इनोवा गाड़ी को चिन्हित किया । इसके बाद रूटचार्ट बनाकर महाराष्ट्र में आरोपियों तलाश शुरू की और आरोपियों को मुंबई से दबोच लिया। अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की ओर से शौक -मौज और ऐशो आराम की जिन्दगी जीने के लिए चोरी की जाती है। पुलिस ने अनुसार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले लोग गैंग के रूप में कई राज्यों में आपस में जुड़े रहते हैं। घटना को अंजाम देने के बाद अपनी अंतरराज्जीय गैंग की मदद से मौके से फरार हो जाते हैं। दूसरे राज्यों में छुप जाते हैं। लूट की घटना में गिरफ्तार हुए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। साथ ही उनके इंटर स्टेट कनेक्शन को भी खंगालने की कोशिश हो रही है।

# अवैध इमारत में न खरीदें फ्लैट

## सहायक आयुक्त ने बैनर लगाकर क्षेत्रवासियों से की ये अपील




**भिवंडी :** अवैध इमारत को लेकर भिवंडी महानगरपालिका प्रशासन बेहद सख्त हो गया है। महानगरपालिका प्रशासक और कमिश्नर विजय कुमार म्हसाल और अतिरिक्त आयुक्त ओमप्रकाश दिवटे ने सभी प्रभाग अधिकारियों को अवैध इमारतों की सूची तैयार कर इमारतों के बैनर-पोस्टर लगाकर नागरिकों को फ्लैट और दुकानें न खरीदने के लिए जन जागृति करने के लिए निर्देश जारी किया है।

इसी क्रम में प्रभाग समिति क्रमांक-4 अंर्तगत दरगाह दीवान शाह रोड़, नवीन कणेरी, कोतवाल शाह दर्गा मजार के पीछे मकान नंबर 434 को तोड़ कर बनाई गई तल अधिक सात मंजिला अवैध इमारत में फ्लैट की खरीददारी न करने के लिए उपायुक्त (अतिक्रमण) दीपक पुजारी के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त बालाराम जाधव ने बैनर-पोस्टर लगाकर लोगों को अवैध घोषित बिल्डिंग में फ्लैट नहीं लेने की खातिर सचेत किया हैं।

**इमारत को तोड़ने के लिए नोटिस जारी**

महानगरपालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभाग-4 के अंतर्गत निवासी मसुद अब्दुल अजिज फक्कीह और अतहत रिजवान शेख मिलकर मकान नंबर 434 तोड़ कर उक्त जगह पर महानगरपालिका की बगैर मंजूरी अवैध रूप से तल अधिक सात मंजिला की आरसीसी इमारत का निर्माण किया। उक्त इमारत को सहायक आयुक्त जाधव ने अवैध घोषित कर जमीन मालिक और बिल्डर के विरूद्ध भोईरवाडा पुलिस स्टेशन में एमआरटीपी के तहत शिकायत भी दर्ज कराई और अवैध इमारत तोड़ने की कार्रवाई के लिए नोटिस दिया, किन्तु जमीन मालिक और बिल्डर द्वारा भिवंडी न्यायालय से स्टे लेने की वजह से तोड़ा नहीं जा सका है।


**अवैध निर्माण में लिप्त बिल्डरों में हड़कंप मचा**

कमिश्नर के आदेश पर महानगरपालिका वकीलों का पैनल न्यायालय में अवैध इमारत का स्थगित आदेश रद्द करने के लिए कोर्ट में अपील की है। सहायक आयुक्त बालाराम जाधव की मानें तो न्यायालय द्वारा दिया गया स्टे आदेश रद्द होने के पश्चात अवैध इमारत को पूर्ण रूप से तोड़कर गिरा दिया जाएगा। महानगरपालिका प्रशासन की सख्ती से अवैध निर्माण में लिप्त बिल्डरों में हड़कंप मच गया है।

# देवेन भारती मुंबई के विशेष पुलिस आयुक्त



**मुंबई :** उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस के करीबी माने जाने वाले भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1994 बैच के अधिकारी देवेन भारती को मुंबई का विशेष पुलिस आयुक्त बनाया गया है। खास बात यह है कि देवेन भारती के लिए नया पद सृजित किया गया है। हालांकि सरकार की तरफ से स्पष्ट किया गया है कि विशेष पुलिस आयुक्त का पद मुंबई पुलिस आयुक्त के अधीन रहेगा। देवेन भारती के पास संयुक्त पुलिस आयुक्तों के कार्यों पर निगरानी का अधिकार होगा, ऐसे में मुंबई पुलिस बल में यह पद प्रभावी होगा। फिलहाल आईपीएस अधिकारी विवेक फणसलकर मुंबई के पुलिस आयुक्त हैं। फडणवीस सरकार के कार्यकाल यानी 2014 से 2019 के बीच देवेन भारती मुंबई पुलिस बल के सबसे प्रभावशाली अधिकारी के रूप में पहचाने जाते थे। उनका नाम फडणवीस की गुड बुक वाले अधिकारियों की सूची में था, उस वक्त वे संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) थे। इसके बाद वह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत होकर आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) में भेज दिए गए।



# नरेश म्हस्के दिवा को सिंगापूर बनाने के बयान पर फंसे बुरा

## बीजेपी और मनसे ने लिया आड़े हाथ...

ठाणे : शिंदे गुट के प्रवक्ता नरेश म्हस्के द्वारा दिवा को सिंगापुर बनाने के बयान को लेकर अब वे बीजेपी के निशाने पर आ गए है। साथ ही बीजेपी ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे पर भी हमला बोलते हुए कहा कि दिवा में डंपिंग ग्राउंड लाकर यहाँ के नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ उनके पार्टी के नगरसेवकों ने की। यहाँ पर पिछले दो दशक से शिवसेना के नगरसेवक चुनकर आ रहे है। लेकिन ढांचागत सुविधाएं से आज तक दिवा वासी महरूम है।

ज्ञात हो कि बालासाहेब की शिवसेना अर्थात शिंदे गुट शिवसेना के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने दिवा महोत्सव के समापन कार्यक्रम में घोषणा की थी कि वह दिवा शहर को सिंगापुर बनाएंगे। इस वक्तव्य के बाद बीजेपी ने सोशल मीडिया पर दिवा को हो रही असुविधाओं के फुटेज भेजकर नरेश म्हस्के की आलोचना शुरू कर दी है।



दिवा में बीजेपी के शहर अध्यक्ष रोहिदास मुंडे पर आरोप लगाते हुए नरेश म्हस्के से पूछा है कि दिमाग ठिकाने पर है क्या साथ ही मुंडे ने कहा कि पिछले 25 सालों से सत्ता सुख भेज रही शिवसेना ने हमेशा से ही दिवा वासियों को विकास के नाम पर बरगलाया है। मुंड़े ने मनाग की है कि उन्हें दिवा को सिंगापूर का सपना न दिखाया जाए बल्कि ठाणे शहर की तरह सुविधा मिल जाए वहीं दिवा वासियों के लिए अच्छा है।

**क्लस्टर को लेकर सीएम पुत्र पर निशाना**

साथ ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पुत्र सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे पर भी क्लस्टर योजना के मुद्दे पर आरोप लगाया है। मुंडे ने सांसद शिंदे को आश्वासनों का गाजर थामने वाला सांसद करार देते हुए कहा कि दिवा में क्लस्टर योजना लागू करने के बात कहने वाले जहाँ वे रहते है उस किसन नगर परिसर के नागरयकों को पिछले 15 सालों से क्लस्टर का गाजर देते आ रहे है लेकिन अब तक प्रत्यक्ष रूप से कलस्टर की एक भी ईंट नहीं रखी गई। तो ऐसे में दिवा इतनी जल्दी क्लस्टर कैसे आ सकता है।

## शिंदे गुट और बीजेपी के बीच टकराव ते

**गौरतलब हो कि कुछ दिन पहले ठाणे में बीजेपी के पदाधिकारी की पिटाई के बाद की गई शिकायत के आधार पर शिंदे गुट के पूर्व नगरसेवकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। अब दिवा में भी बीजेपी और शिंदे गुट का टकराव जनता के सामने आने लगा है क्योंकि बीजेपी सीधे तौर पर एकनाथ शिंदे और सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे पर भी आरोप लगा रही है।**

## मनसे विधायक राजू पाटिल ने कहा दिवा को बना दिया वासेपुर


**मनसे विधायक राजू पाटिल ने नरेश म्हस्के पर तंज कसते हुए कहा, दिवा को सिंगापुर क्या बनाएंगे? इन सबने मिलकर वासेपुर बना दिया है। राजू पाटिल ने म्हस्के के वक्तव्य को बहुत ही हास्यास्पद करार देते कहा कि म्हस्के खुद ठाणे के ढाई साल महापौर थे। कई वर्षों से उनकी पार्टी की महानगरपालिका पर सत्ता है। पिछले दो दशक से उनके ही पार्टी के नगरसेवक यहाँ पर चुने जा रहे है और दिवा के पूर्व नगरसेवक रमाकांत मढ़वी को उपमहापौर भी बनाया गया। लेकिन यह दिवा वासियों का अभाग्य है कि दिवा का विकास नहीं हो पाया है। इसलिए दिवा को सिंगापुर बनाने की भाषा करने वाले लोगों को इस बार दिवा कर जरूर महानगरपालिका चुनाव में सबक सिखाएंगे।**

# मुंबई मनपा गट के नेता विनोद मिश्रा के कर कमलों द्वारा मेट्रो दिनांक कैलेंडर का विमोचन संपन्न...



**मुंबई :** मुंबई में नए वर्ष के शुभ अवसर पर मेट्रो दिनांक समाचार पत्र का 16 वां वार्षिक कैलेंडर विमोचन मुंबई मनपा भाजपा गट के नेता के कार्यालय में संपन्न हुआ इस शुभ अवसर पर मुंबई मनपा गट के नेता श्री विनोद मिश्रा के कर कमलों द्वारा कैलेंडर का विमोचन और प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी का जन्मदिन, विनोद मिश्रा के साथ केक काटकर मनाया गया इस अवसर पर मेट्रो दिनांक समाचार पत्र की मुद्रक प्रकाशक श्रीमती मंजू तिवारी मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के संरक्षक राम कुमार पाल के अलावा वरिष्ठ पत्रकार शिव शंकर तिवारी, ओपी तिवारी, संतोष तिवारी, अरुण गुप्ता, रोहित जयसवाल,पूजा पांडे, शिव प्रकाश सोनी, नवीन पांडे, प्रवीण राजगुरु, सत्य प्रकाश सोनी, राजेश पाल, लव कुश तिवारी, राजेंद्र पाल, सुरेश वाकडे, निलेश पांडे, जयेश गोहिल, सुरेश वाकडे, बृजेश सिंह, बबलू मिश्रा, अष्ट आनंद पांडे, प्रमोद यादव, विनोद नायक, उपेंद्र पंडित, कंचन तिवारी, पूजा कामले के अलावा भाजपा की वरिष्ठ महिला पदाधिकारी नूतन सिंह, भारती भिंडे, शैलेंद्र दुबे, मुन्ना सिंह, संतोष यादव, दरोगा तिवारी, केशव भाई, राम कुमार विश्वकर्मा, के अलावा मेट्रो दिनांक समाचार पत्र व मेट्रो दिनांक टीवी न्यूज के शुभचिंतक पाठक लोग भारी संख्या में उपस्थित थे.

# नायलॉन का मांझा बेचने वाले कारोबारियों पर कार्रवाई के लिए विशेष पुलिस स्क्वाड का गठन



**लातूर :** महाराष्ट्र के लातूर जिले में पुलिस ने प्रतिबंध के बावजूद पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले नायलॉन मांजा बेचने वाले कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक विशेष दस्ते का गठन किया है। 14 जनवरी को मनाए जाने वाले 'मकर संक्रांति' त्योहार के दौरान देश के कुछ हिस्सों में बड़ी संख्या में लोग पतंग उड़ाते हैं। सरकार ने नाइलॉन मांझे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था क्योंकि इससे पक्षियों, जानवरों और इंसानों की जान को खतरा था।

**सरकार के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई**

अधिकारी ने कहा कि यह पता चलने के बाद कि कुछ दुकानदार ऐसे धागों का भंडारण और बिक्री कर रहे हैं, लातूर पुलिस ने बुधवार को सरकार के आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एक विशेष टीम गठित करने की घोषणा की।

## दुकानदार के कब्जे से प्रतिबंधित धागे जब्त!

**उन्होंने बताया कि इससे पहले लातूर पुलिस ने एक दुकानदार के कब्जे से प्रतिबंधित धागे जब्त कर उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने नागरिकों से नायलोन मांझे का प्रयोग नहीं करने की अपील की है। अधिकारी ने कहा कि लोगों से यह भी कहा गया है कि अगर वे इसका इस्तेमाल करते हुए किसी के सामने आते हैं तो पुलिस से संपर्क करें।**

# मुंबई का रहने वाला है एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला पर पेशाब करने वाला शख्स, जल्द होगी गिरफ्तारी

**मुंबई :** न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। बिजनेस क्लास में एक शख्स ने एक बुजुर्ग महिला यात्री के सामने अश्लील हरकत करते हुए पेशाब कर दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि क्रू सदस्यों ने उसकी मदद नहीं की और लापरवाही बरती, जिससे वह आसानी से चला गया। आरोपित की पहचान मुंबई के शेखर के रूप में हुई है, जो घटना के दौरान नशे में था। विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया से रिपोर्ट तलब की है।

**शख्स को पकड़ने का प्रयास कर रही पुलिस**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपित फिलहाल मुंबई में मौजूद नहीं हैं। दिल्ली पुलिस घटना के वक्त



फ्लाइट में मौजूद सभी केबिन क्रू मेंबर्स को नोटिस देकर बयान के लिए बुला सकती है। पुलिस आरोपित को पकड़ने का प्रयास कर रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, आरोपित मुंबई का रहने वाला है, लेकिन उसकी संभावित लोकेशन किसी और राज्य में है और पुलिस टीम वहां पहुंच गई है। हम आरोपित को जल्द से जल्द गिरफ्तार करेंगे।

**एयर इंडिया ने 30 दिनों के लिए नो फ्लाइंग लिस्ट में डाला**

एयर इंडिया की शिकायत पर आइजीआइ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एक टीम मुंबई रवाना हो गई है। एयर इंडिया ने उसे 30 दिनों के लिए नो फ्लाइंग लिस्ट में डाल दिया है। जान एफ केनेडी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से आइजीआइ के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट के बिजनेस क्लास में यह घटना 26 नवंबर को हुई थी। महिला ने इसकी शिकायत टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन से की, तब सभी के संज्ञान में आया। चंद्रशेखरन को लिखे पत्र में महिला ने शिकायत की कि एयरलाइन ने उनकी सुरक्षा और सुविधा बनाए रखने के लिए कोई कोशिश नहीं की। लंच परोसे जाने के बाद विमान में लाइट को आफ कर दिया गया, जिसके बाद आरोपित ने गलत हरकत की।


मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाटसप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com